# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

08/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Jagran (Meerut,UP)**

# दूसरे दिन भी अलर्ट, आधी फोर्स हटाई

## कश्मीरी छात्रों पर खुफिया नजर, विवि प्रशासन कर रहा देख-रेख, पीएसी और आरएएफ अभी मौके पर

जागरण संवाददाता, मेरठ : जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद दूसरे दिन भी शहर में अलर्ट जारी है। शांति व्यवस्था को देखकर फोर्स आधी हटा दी गई है। सभी प्वाइंटों पर थाना प्रभारियों को मुस्तैद रहने के चेतावनी दी गई। कोतवाली में शहर काजी ने पुलिस की मौजूदगी में धर्म विशेष के लोगों को शांति बनाए रखने की अपील की है। मंगलवार को भी अफसरों ने शहर में मूवमेंट कर लोगों को मूड को परखा है।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने पर शहर और देहात में दूसरे दिन भी जश्न का माहौल रहा। ज्यादातर लोग टीवी पर चिपके रहे है। अफसरों ने शहर और देहात में निकलकर लोगों के मूड को जाना है। शहर में शांति व्यवस्था को देखते हुए फोर्स आधी कर दी गई है। एक प्लाटून पीएसी और एक कंपनी आरएएफ को भी अतिसंवेदनशील 12 प्वाइंटों पर लगाया हुआ है। भूमिया पुल, लिसाड़ी चौराहा, हापुड़ अड्डा, रेलवे रोड चौराहा, केसरगंज, शास्त्रीनगर, मोदीपुरम, जुर्रानपुर, इंद्रा चौक, बिजली बंबा चौकी, एल ब्लाक चौकी और जेल चुंगी पर अभी भी थाने स्तर से फोर्स लगाई हुई है। थाना प्रभारियों को आदेश दिया गया के अपने अपने क्षेत्र में फोर्स का मूवमेंट बढ़ाए और पब्लिक के मूड को समझे। उधर, सुभारती विवि समेत कई विवि में कश्मीरी छात्रों पर खुफिया नजर बनाकर रखी गई है। सभी कॉलेज प्रशासन को उनकी गतिविधि देखने के आदेश दिए है। कश्मीरी छात्रों की हर हरकत पर नजर रखी जा रही है। ताकि शहर का माहौल न बिगड़ पाए। एसपी सिटी अखिलेश नारायण ने बताया कि दूसरे दिन भी सुरक्षा चाक चौबंद है। पीएसी और आरएएफ का शहर में मूवमेंट जारी है। कुछ स्थानों से पीएसी और आरएएफ को हटा दिया है। अतिसंवेदनशील एरिया में अभी भी फोर्स लगी हुई है।



हापड़ अड्डे पर तैनात आरएएफ • फाइल फोटो

### ...तब जम्मू में गिरफ्तार हुए थे मेरठ के युवा नेता

मेरठ : जम्मू कश्मीर को लेकर भाजपा लंबे समय से आंदोलनरत रही है। 12 जनवरी 2011 को हुबुली से निकली तिरंगा यात्रा 25 जनवरी को जम्मू पहुंच गई थी, जहां पुलिसबल ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। भाजयुमो के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में मेरठ के युवा नेता सोमेंद्र तोमर, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मनोज पोशवाल को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर रातभर जेल में रखा। तिरंगा यात्रा में तत्कालीन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा व विधायक राघव लखनपाल भी शामिल थे। मनोज पोशवाल याद बताते हैं कि तत्कालीन केंद्र सरकार धारा-370 को लेकर देशद्रोह की हद तक उतर गई थी, जबकि राज्य सरकार अलगाववादियों की भाषा बोलती नजर आई। अब विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने से राष्ट्र का गौरव बढ़ा है।

## शिवसेना ने विजय जुलूस निकाला

जासं, मेरठ : जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 व 35 ए के समाप्त होने पर शिवसेना ने नारेबाजी करते हुए व ढोल की थाप के बीच छीपी टैंक स्थित कार्यालय से विजय जुलूस निकाला। साथ ही जगह-जगह मिठाइयां भी बांटी। शिवसेना के पश्चिमी उप्र प्रभारी धर्मेंद्र तोमर ने कहा कि अनुच्छेद-370 देश के माथे पर कलंक था। जिला प्रमुख दिनेश कुमार सिंघल व महानगर प्रमुख मोहित त्यागी के नेतृत्व में आयोजित जुलूस में वक्ताओं ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का सही विलय वास्तव में अब हुआ है। नवनियुक्त मेरठ मंडल प्रमुख विपिन सिरोही ने कहा कि बाला साहेब ठाकरे का सपना अब पूरा हुआ है। यह जुलूस छीपी टैंक से लेकर कमिश्नरी चौराहे तक निकाला गया। अवधेश शर्मा, अवनीश सिंह आर्य, मनोज विश्नोई, यतेंद्र सैनी, राकेश राजपूत, पवन वार्चा, मूलचंद अग्रवाल, जूनियर राजेश खन्ना, अमरनाथ, विनीत जैन, सनी लोधी, विनीत वर्मा, शामिल रहे।

वहीं हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने भी अनुच्छेद-370 व 35 ए की समाप्ति पर मंगलवार को कमिश्नरी पर जश्न मनाया। महानगर प्रभारी अनूप रस्तोगी, महानगर संयोजक राजकमल गुप्ता, गुरमीत सिंह, पुनीत वर्मा, अक्षित शर्मा, सुमित अग्रवाल, किशन शर्मा, बसंत अग्रवाल, संजय मित्तल, मनीष गुप्ता शामिल रहे।



अनुच्छेद-370 समाप्त होने पर कमिश्नरी चौराहे पर खुशी मनाते शिवसैनिक • जागरण

**Dainik Jagran (Mau,UP)**

# त्योहार में खलल डाली तो खैर नहीं

जागरण संवाददाता, वलीदपुर (मऊ) : आगामी बकरा ईद, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस पर्व को देखते हुए शुक्रवार को मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली पुलिस एवं आरएएफ के जवानों ने वलीदपुर नगर पंचायत, खैराबाद बाजार, करहा, मुहम्मदाबाद गोहना कस्बे में रूटमार्च किया। इस बीच त्योहार सकुशल मनाने के लिए लोगों से अपील किया। वहीं त्योहार में आने वाली दिक्कतों-परेशानियों के बाबत लोगों से जानकारी भी प्राप्त किया। रूटमार्च कोतवाली के मुख्य गेट से आरंभ होकर शहीद चौराहा, विजय स्तंभ चौक, नगर पंचायत कार्यालय, आशिक हुसैन रोड होते हुए अतारी चुंगी पर पहुंचा। यहां से कोतवाली पुलिस एवं फोर्स के जवानों ने वाहन द्वारा स्थानीय नगर पंचायत में पहुंचे। रामलीला मैदान में अपने-अपने वाहनों को खड़ा कर पैदल गश्त करते हुए वलीदपुर सहित छोटी-बड़ी बाजार पहुंचे। यहां बाजार वासियों से रू-ब-रू होकर आने वाले पर्व के बारे में विधिवत जानकारी प्राप्त किया।

नगर के लोगों को विश्वास दिलाया कि त्योहार में किसी तरह की कोई दिक्कत परेशानी नहीं आने दिया जाएगा। आप लोग हंसी-खुशी से अपना अपना पर्व मनाएं। पर्व में यदि कोई भी असामाजिक तत्व खलल डालने की कोशिश करता है तो उसे कठोर कानूनी कार्रवाई कर जेल की सलाखों में डाल दिया जाएगा। भारी पुलिस एवं आरएएफ के जवानों को देखकर लोग डरे व सहमे से नजर आए। बूटों की धमक से शरारती तत्व इधर-उधर चलते बने। यहां के मुख्य बाजार से जवानों ने भीरा, खिरिया मोड़ होते हुए रामनगर मोड़ का भ्रमण किया। यहां से जवान अपने वाहन द्वारा खैराबाद चौकी पहुंचकर बाजार होते हुए कैलेंडर तिराहे पर गए। सबसे आखिर में करहां मुख्य बाजार में गश्त किए। यहां से पुनः वापस कोतवाली लौटकर रूट मार्च को समाप्त कर दिए। इसके बाद जिला मुख्यालय के लिए कूच कर गए। इस अवसर पर एसआई रंजीत विश्वकर्मा, कांस्टेबल धनंजय पांडेय, जितेंद्र एवं आरएएफ के दर्जनों जवान शामिल थे।



मुहम्मदाबाद गोहना के वलीदपुर में रूट मार्च करते आरएएफ के जवान • जागरण

## सतर्कता

- बाजारों में धमकी बूटों की आवाज असामाजिक तत्वों को चेतावनी
- त्योहार मनाने का दिया संदेश पुलिस-आरएएफ ने संभाला मोर्चा

Swadesh (Bhopal,MP)

Swadesh Bhopal Page No-02

# 107 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वारा जल संरक्षण सपथ का आयोजन किया गया

एजेंसी, भोपाल



संजय कुमार शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी) कमाण्डेन्ट (सीसीडी) 107 बटालियन द्रुत कार्य बल ने वाहिनी के अधिकारियों और जवानो को वाहिनी परिसर में जल संरक्षण की सपथ दिलाया । इस सपथ समारोह के दौरान जल संरक्षण पर प्रकाष डालते हुए कमाण्डेन्ट महोदय ने बताया कि भूजल पानी का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है और पृथ्वी पर होने वाली जलापूर्ति अधिकतर भूजल पर ही निर्भर करती है, जल संकट देश ही नहीं बल्कि समूचे विश्व की समस्या है। दुनिया भर के विशेषज्ञों की राय है कि वर्षाजल का संरक्षण करके गिरते भूजल स्तर को रोका जा सकता है। जिसका एकमात्र उपाय यही है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भूजल के दोहन को नियंत्रित किया जाए। जल का संरक्षण तथा समुचित भंडारण हो, ताकि पानी जमीन के अंदर प्रवेश कर सके। मानव अपने स्वास्थ्य, सुविधा, दिखावा व विलासिता को दिखाने के लिये अमूल्य जल की बर्बादी करने से नहीं चूकता । जल के अत्याधिक दोहन से जमीन के अंदर का उत्पलावन क्षमता कम होने या समाप्त होन पर जमीन धसने, जमीन में दरारें पडने अथवा भूकम्पन जैसी घटनाए होती हैं ।

## Dainik Jagran (Lucknow,UP)



सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में हरियाली तीज का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने एक दूसरे को उपहार भेंट किए।

## Pioneer (Lucknow,UP)

### धूमधाम से मनी हरियाली तीज



सरोजनीनगर। सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र की 91 बटालियन द्रुत कार्य बल (आरएएफ) की कावा अध्यक्ष रेखा सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को केंद्र परिसर में महिलाओं ने हरियाली तीज का पर्व काफी धूमधाम से मनाया। इस मौके पर महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम व मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की। कार्यक्रम के दौरान कावा अध्यक्ष रेखा सिंह ने मौजूद महिलाओं को सिंगार के सामान भी वितरित किए। इस अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसके तहत कैंप परिसर में अमरूद, आंवला व नींबू आदि के फलदार वृक्ष रोपित किए गए। बाद में कावा अध्यक्ष रेखा सिंह ने मौजूद महिलाओं को वृक्षों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

Rashtriya Sahara (Lucknow,UP)

# सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र में हरियाली तीज का आयोजन



सरोजनीनगर। सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र की 91 बटालियन द्रुत कार्य बल की कावा अध्यक्ष रेखा सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र परिसर मे महिलाओं ने हरियाली तीज का पर्व काफी धूमधाम से मनाया। इस मौके पर महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम व मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की। कार्यक्रम के दौरान कावा अध्यक्ष रेखा सिंह ने मौजूद महिलाओं को सिंगार के सामान भी वितरित किए। जिसे पाकर महिलाओं ने काफी खुशी जाहिर की। इस अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसके तहत कैंप परिसर मे अमरूद, आंवला व नीबू आदि के फलदार वृक्ष रोपित किए गए। बाद में कावा अध्यक्ष रेखा सिंह ने मौजूद महिलाओं को वृक्षों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF





**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**